**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1808**
**बुधवार, 30 जुलाई, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## आंध्र प्रदेश में पूर्व चेतावनी प्रणालियों के कार्यान्वयन की स्थिति

**†1808. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी :**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों, विशेषकर विजयनगरम में, चक्रवात सायरन, सैटेलाइट फोन, डॉपलर रडार और स्वचालित मौसम केंद्रों सहित पूर्व चेतावनी अवसंरचना की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) एसएमएस या ध्वनि संदेश के माध्यम से आईएमडी/आईएनसीओआईएस अलर्ट प्राप्त करने वाले पंजीकृत मछुआरों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या अलर्ट कवरेज, भाषा सुगमता या मोबाइल कनेक्टिविटी में कोई कमी पाई गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) एपीएसडीएमए के समन्वय से पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक तटीय जिले में कितने मॉक ड्रिल और जन जागरूकता अभियान आयोजित किए गए हैं; और

(ङ) क्या हाल के चक्रवातों जैसे गुलाब (2021), असानी (2022) या मिचाउंग (2023) के दौरान चेतावनी प्रसार या निकासी प्रयासों में किसी विफलता की सूचना मिली थी और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) आंध्र प्रदेश में संस्थापित पूर्व चेतावनी अवसंरचना की संख्या और विवरण अनुलग्नक-1 में दिया। विजियानगरम जिले में, भारत मौसम विज्ञान विभाग/राज्य सरकार द्वारा 53 एडब्ल्यूएस और 38 एआरजी संस्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, विशाखापत्तनम (विशाखापत्तनम जिला) और मछलीपट्टनम (कृष्णा जिला) में स्थित 2 डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) कार्यशील है। गोपालपुर डीडब्ल्यूआर भी इसके अंतर्गत आता है।

(ख) कुल 1,21,751 पंजीकृत मछुआरे एसएमएस या ध्वनि संदेश के माध्यम से भारत मौसम विज्ञान विभाग/भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (इंकॉइस) से अलर्ट प्राप्त करते हैं। इंकॉइस बहु-जोखिम पूर्व चेतावनी सेवाएँ प्रदान करता है, जिसमें सुनामी, तूफ़ानी लहरें, ऊँची लहरें, उफान और चरम समुद्री परिस्थितियों के दौरान तेज़ समुद्री धाराओं के लिए अलर्ट शामिल हैं। इंकॉइस तटीय मछुआरा समुदायों की आजीविका को सहारा देने के लिए समुद्री मत्स्य परामर्श सेवाएँ भी प्रदान करता है।

(ग) एनसीईआर ने 2020 में एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया। इन सर्वेक्षण निष्कर्षों से पता चलता है कि समुद्री मछुआरों का एक बहुत बड़ा हिस्सा मौसम संबंधी चेतावनियों का बहुत बार उपयोग कर रहा है, लगभग 87.7 प्रतिशत मछुआरे इन चेतावनियों का दैनिक आधार पर उपयोग कर रहे हैं, जबकि 2015 से पहले यह संख्या केवल 15.1 प्रतिशत थी। हालाँकि, एमसी अमरावती/सीडब्ल्यूसी विशाखापत्तनम द्वारा दैनिक आधार पर स्थानीय भाषा में वीडियो और ऑडियो कवरेज और प्रेस ब्रीफिंग प्रदान करने का प्रयास किया गया है। चेतावनियाँ सीएपी सचेत पोर्टल, ईमेल और व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे सभी सोशल मीडिया माध्यमों से प्रसारित की जाती हैं।

(घ) राज्य सरकार और अन्य हितधारकों के समन्वय से आईएमडी द्वारा 2024 में बाढ़, चक्रवात और भूस्खलन पर जागरूकता पैदा करने के लिए लगभग 25 मॉक ड्रिल आयोजित किए गए। वर्ष 2025 में अब तक लगभग 17 मॉक ड्रिल किए गए, जिनमें से 10 बाढ़ और सात चक्रवातों से संबन्धित थे। इसके अलावा, पिछले तीन वर्षों के दौरान, 4 अक्टूबर 2023 और 5 नवंबर 2024 को दो सुनामी मॉक ड्रिल आयोजित किए गए थे। 2024 के मॉक ड्रिल में, तीन तटीय जिलों (एसपीएसआर नेल्लोर, तिरुपति और विशाखापत्तनम) के छह तटीय गांवों (मायपाडु, कृष्णापट्टनम, भीमुलावरिपलेम, थुपिलिपलेम, यारदा और वाल्टेयर वार्ड) में सामुदायिक स्तर पर सफलतापूर्वक निकासी की गई थी।

(ङ) हाल के चक्रवातों, जैसे गुलाब (2021), असानी (2022), या मिचाउंग (2023) से संबंधित किसी भी विफलता की सूचना नहीं मिली। इससे होने वाली मानव जीवन की हानि भी काफी कम रही।

## अनुलग्नक 1

आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों में संस्थापित जिलावार पूर्व चेतावनी अवसंरचना संबंधी विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | जिले | MPCS भवन | अलर्ट सायरन (EWDS) कार्य निष्पादित कर दिया गया | सैटेलाइट फोन | DEOC'S अलर्ट सायरन (EWDS) | MEOC'S अलर्ट सायरन (EWDS) | फिश लैंडिंग सेंटर अलर्ट सायरन (EWDS) | पर्यटन स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीकाकुलम | 41 | 34 | 2 | 1 | 15 | 2 | 0 |
| 2 | विजियानगरम | 7 | 7 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 |
| 3 | विशाखापत्तनम | 1 | | 2 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | अनकापल्ली | 28 | 14 | - | 0 | 6 | 0 | 0 |
| 5 | काकीनाडा | 9 | 3 | 1 | 1 | 6 | 2 | 1 |
| 6 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 20 | 17 | - | 0 | 8 | 0 | 0 |
| 7 | पश्चिम गोदावरी | 12 | 6 | - | 0 | 2 | 1 | 1 |
| 8 | कृष्णा | 17 | 10 | - | 1 | 5 | 2 | 1 |
| 9 | बापटला | 20 | 11 | - | 0 | 7 | 2 | 0 |
| 10 | प्रकासम | 12 | 9 | 1 | 1 | 5 | 2 | 0 |
| 11 | एसपीएसआर नेल्लोर | 44 | 31 | 1 | 1 | 10 | 2 | 1 |
| 12 | तिरुपति | 8 | 3 | 1 | 0 | 5 | 0 | 0 |
| 13 | एलुरु | | | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | अलुरी सीथाराम राजू | | | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | पूर्वी गोदावरी | | | - | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | एनटीआर | | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | गुंटूर | | | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | एसईओसी | | | एपीएसडीएम A-2 एसडीआरएफ- 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल** | | **219** | **145** | **16** | **10** | **76** | **16** | **8** |

नोट: EWDS 255 स्थानों पर कार्यान्वित किया गया

**जिलावार आईएमडी का AWS,ARGऔर AGROAWS नीचे दी गई तालिका में दिया गया है :**

| **आंध्र प्रदेश में जिलावार AWS/ARG** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **ज़िला** | **AWS** | **AGRO AWS** | **AWSकुल** | **ARG** |
| ASR | 1 | | 1 | 2 |
| अनकापल्ली | 2 | | 2 | |
| काकीनाडा | 1 | | 1 | 2 |
| कोनासीमा | 1 | | 1 | 1 |
| श्रीकाकुलम | 3 | 1 | 4 | 4 |
| विशाखापत्तनम | 2 | | 2 | 5 |
| विजियानगरम | 1 | | 1 | 1 |
| पश्चिम गोदावरी | 4 | | 4 | |
| पूर्वी गोदावरी | | 1 | 1 | 1 |
| एलुरु | | 1 | 1 | 4 |
| पी मन्यम | | 1 | 1 | 2 |
| बापटला | 2 | | 2 | 3 |
| गुंटूर | 1 | | 1 | 1 |
| कृष्णा | 2 | | 2 | |
| एनटीआर | 1 | 1 | 2 | 3 |
| प्रकासम | 3 | 1 | 4 | 3 |
| पलनाडु | | | | 4 |
| एसपीएसआर नेल्लोर | 2 | 1 | 3 | 2 |
| अनंतपुर* | 2 | | 2 | 5 |
| नंद्याला * | 1 | | 1 | 5 |
| सत्य साईं* | 1 | | 1 | 3 |
| तिरुपति | 4 | | 4 | 1 |
| वाईएसआर कडप्पा* | 2 | 1 | 3 | 3 |
| कुरनूल* | | 1 | 1 | 3 |
| चित्तूर* | | | | 2 |
| अन्नामय्या * | | | | **2** |
| **कुल** | **36** | **9** | **45** | **62** |

*: रायलसीमा;

उपरोक्त तालिका के अनुसार, विजियानगरम जिले में एक AWS और बोब्बिली में एक ARG है।

**आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा संस्थापित AWS और ARG नीचे दिए गए हैं :**

| **क्र.सं.** | **ज़िला** | **मंडलों की संख्या** | **AWS** | **ARG** | **कुल (AWS+ARG)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीकाकुलम | 30 | 53 | 29 | 82 |
| 2 | पार्वतीपुरममन्यम | 15 | 30 | 13 | 43 |
| 3 | अल्लुरी सीथाराम राजू | 22 | 44 | 11 | 55 |
| 4 | विजियानगरम | 27 | 52 | 37 | 89 |
| 5 | विशाखापत्तनम | 11 | 14 | 102 | 116 |
| 6 | अनकापल्ली | 24 | 47 | 57 | 104 |
| 7 | कोनासीमा | 22 | 26 | 22 | 48 |
| 8 | काकीनाडा | 21 | 32 | 45 | 77 |
| 9 | पूर्वी गोदावरी | 19 | 39 | 27 | 66 |
| 10 | एलुरु | 27 | 62 | 18 | 80 |
| 11 | पश्चिम गोदावरी | 20 | 30 | 19 | 49 |
| 12 | कृष्णा | 25 | 45 | 26 | 71 |
| 13 | एनटीआर | 20 | 39 | 30 | 69 |
| 14 | गुंटूर | 18 | 32 | 35 | 67 |
| 15 | बापटला | 25 | 48 | 24 | 72 |
| 16 | पलनाडु | 28 | 71 | 49 | 120 |
| 17 | प्रकाशम | 38 | 132 | 101 | 233 |
| 18 | नेल्लोर | 38 | 107 | 85 | 192 |
| 19 | तिरुपति | 34 | 83 | 47 | 130 |
| 20 | चित्तूर | 31 | 64 | 38 | 102 |
| 21 | श्री सत्य साईं | 32 | 105 | 69 | 174 |
| 22 | अनंतपुरम | 31 | 115 | 100 | 215 |
| 23 | अन्नमय्या | 30 | 70 | 28 | 98 |
| 24 | वाईएसआर कडप्पा | 36 | 97 | 83 | 180 |
| 25 | नंद्याला | 29 | 81 | 49 | 130 |
| 26 | कुरनूल | 26 | 100 | 55 | 155 |
| **कुल योग** | | **679** | **1618** | **1199** | **2817** |

**डॉपलर मौसम रडार**

आंध्र प्रदेश में तीन डॉपलर मौसम रडार संस्थापित हैं।
आईएमडी के दो डॉपलर मौसम रडार विशाखापत्तनम (जिला: विशाखापत्तनम) और मछलीपट्टनम (जिला: कृष्णा) में स्थित हैं। इसरो का एक रडार एसडीएससी-एसएचएआर, श्रीहरिकोटा (जिला: तिरुपति) में स्थित है।

********